श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 103, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार, 19 नवम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की शिक्षामित्रों की याचिकाएं 37,339 पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ

**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों में 69000 सहायक शिक्षक भर्ती के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बहुप्रतीक्षित फैसला सुना दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ शिक्षामित्रों की अपील को खारिज कर दिया है। सर्वोच्च आदालत ने यूपी सरकार के फैसले पर मुहर लगाते हुए बढ़े हुए कटऑफ को अनुमति दे दी है।



सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के इस वक्तव्य को रिकॉर्ड पर लिया कि नए कटऑफ की वजह से नौकरी से वंचित रह गए शिक्षामित्रों को अगले साल एक और मौका दिया जाएगा। इस फैसले से अब कुल 67867 अभ्यर्थियों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। इनमें से 31,277 पदों पर अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जा चुकी है। अब 37,339 पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति होगी।

यूपी में सहायक शिक्षक 69000 भर्ती मामले में सर्वोच्च आदालत ने 24 जुलाई को अपना फैसला सुरक्षित रखा था। बुधवार को कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए यूपी सरकार के 60 और 65 फीसद कटऑफ को सही ठहराया और शिक्षामित्रों की याचिका को खारिज दिया। अब बचे हुए 37 हजार से अधिक पदों पर भर्ती जल्द हो सकेगी। शीर्ष कोर्ट के आदेश से 31277 पदों की चयन सूची विवाद पर भी विराम लगेगा, जिस पर हाई कोर्ट में चल रही सुनवाई। शिक्षक भर्ती में जारी कट ऑफ मार्क्स को लेकर शिक्षामित्रों ने विरोध किया था, जिसके बाद उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट में इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दायर की थी। योगी सरकार के 31,661 पदों को भरने के आदेश को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। यूपी में लगभग दो वर्षों से प्राथमिक स्कूलों की 69000 सहायक अध्यापक भर्ती से जुड़े विवाद खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। भर्ती के कटऑफ अंक को लेकर पिछले माह शीर्ष कोर्ट में सुनवाई पूरी हो चुकी थी, कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा था। पहले यह भर्ती कटऑफ अंक को लेकर हाई कोर्ट में लंबे समय तक फंसी रही। फिर प्रश्नों के जवाब को लेकर ऐन वक्त पर काउंसिलिंग रोकनी पड़ी। शिक्षामित्रों के चयन को लेकर अब सुप्रीम कोर्ट ने 37339 पद भरने पर रोक लगा रखी थी। हर बार कोर्ट ने भर्ती के अहम मोड़ पर स्थगनादेश जारी किया है।

बता दें कि 69,000 सहायक अध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने विशेष अनुज्ञा याचिका रामशरण मौर्या व अन्य बनाम राज्य सरकार व अन्य में बीती 21 मई को आदेश पारित कर कहा था कि जिन पदों को शिक्षामित्र सहायक अध्यापक के रूप में धारण कर रहे हैं, उनसे छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। वहीं, सूबेदार सिंह व अन्य बनाम राज्य सरकार व अन्य मामले में शीर्ष अदालत ने नौ जून को आदेश दिया था कि 37,339 शिक्षामित्र सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा में शामिल हुए हैं। लिहाजा 37,339 पदों को छोड़कर सरकार बाकी पदों पर भर्ती कर सकती है, जिसके बाद यूपी सरकार ने 31,661 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी।

बता दें कि उत्तर प्रदेश में 69000 सहायक शिक्षकों की भर्ती में 31661 पदों को भरने के योगी सरकार के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। बीटीसी छात्रों की वकील रितु रेनुवाल ने 22 सितंबर को शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल कर 31661 पदों पर भर्ती के यूपी सरकार के नोटिफिकेशन पर रोक लगाने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि 69000 शिक्षक भर्ती मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा हुआ है। ऐसी स्थिति में जब तक कोर्ट का फैसला नहीं आता है, 31661 पदों पर भर्ती के यूपी सरकार के नोटिफिकेशन पर रोक लगाई जानी चाहिए।

दरअसल, शिक्षामित्र कटऑफ अंकों को लेकर सुप्रीम कोर्ट गए थे। रामशरण मौर्य बनाम राज्य सरकार मामले में हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के पक्ष में (65/60 कटऑफ) फैसला सुनाया था, लेकिन इसके विरोध में शिक्षामित्र सुप्रीम कोर्ट चले गए और पिछली भर्ती की तरह 45/40 कटऑफ करने की मांग कर रहे थे। शिक्षामित्रों का दावा किया था कि शिक्षक भर्ती की लिखित परीक्षा में लगभग 45 हजार शिक्षामित्रों ने फॉर्म भरा था। उत्तरमाला के मुताबिक, 45/40 अंकों पर 37 हजार से ज्यादा शिक्षामित्र पास हो रहे हैं, जबकि परीक्षा नियामक प्राधिकारी के मुताबिक 45/40 कट ऑफ पर केवल 8018 शिक्षामित्र पास हुए हैं।

## दाऊद के गुर्गे इकबाल मिर्ची की संपत्ति पर कसा शिकंजा मुंबई में पांच अरब की प्रॉपर्टी को किया जब्त

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** वैश्विक आतंकी और अंडरव?ल्र्ड सरगना दाऊद इब्राहिम के खास रहे बदमाश इकबाल मिर्ची की मुंबई स्थित तीन अचल संपत्तियों को प्रवर्तन निदेशालय ने जब्त कर लिया है। पांच सौ करोड़ रुपये मूल्य की इन संपत्तियों को केंद्र सरकार के दो कानूनों के तहत जब्त किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय के अनुसार मुंबई के वर्ली इलाके में स्थित राबिया मेंशन, मरियम लॉज और सी व्यू नाम की इमारतों को जब्त किया गया है। इन अचल संपत्तियों को साफेमा (स्मगलर्स एंड फॉरेन एक्सचेंज मैनीपुलेटर्स एक्ट) और एनडीपीएस (नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंसेज) के तहत जब्त किया गया है। जब्ती की कार्रवाई नौ नवंबर को की गई।



जब्त की गई तीनों इमारतों में इकबाल मिर्ची और उससे जुड़े लोगों की अवैध कमाई लगे होने के सुबूत मिले थे। सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिए गए जब्ती आदेश में तीनों इमारतों से संबंधित देनदारियां और निवेश शून्य घोषित कर दिया गया। अब उन पर कोई व्यक्ति या संस्था किसी तरह का दावा नहीं कर पाएंगे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इकबाल मिर्ची के खिलाफ मनी लांड्रिंग केस (अवैध रूप से धन देश से बाहर ले जाने का मामला) दर्ज किया था। प्रवर्तन निदेशालय ने इसी मामले में तीनों इमारतें कब्जे में ले रखी थीं। लेकिन 2013 में लंदन में उसकी मौत हो गई।

इसके बाद 2019 में मुंबई पुलिस ने उसके रिश्तेदारों और अन्य लोगों के खिलाफ कई मामले दर्ज किए। ईडी को शक है कि मुंबई और इसके आसपास मिर्ची की कई और अचल संपत्तियां हैं। इनमें से कुछ रिश्तेदारों या छद्म नामों से खरीदी हो सकती हैं। मिर्ची ने तीनों इमारतों को सरकार के कब्जे से बचाने के लिए सर मुहम्मद यूसुफ ट्रस्ट का भी सहारा लिया था लेकिन उसकी यह चाल कामयाब नहीं हुई। ट्रस्ट के दावे को सही नहीं माना गया।

## कंप्यूटर बाबा के खिलाफ दर्ज किया गया एक और मामला

**इंदौर, प्रेट्र।** इंदौर जिले में जैन संप्रदाय की संपत्ति के निर्माण में बाधा डालने के लिए कंप्यूटर बाबा उर्फ नामदेव दास त्यागी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह जानकारी पुलिस ने दी है। करीब 10 दिन पहले कंप्यूटर बाबा के सरकारी जमीन पर अवैध आश्रम के विध्वंस के बाद से तीन एफआईआर दर्ज की गई है। इससे पहले भाजपा और कांग्रेस सरकारों में कंप्यूटर बाबा को नदी संरक्षण निकाय के सदस्य के रूप में राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त था। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में हैं। सबसे नवीनतम एफआईआर मंगलवार रात को दर्ज की गई। इंदौर के गांधी नगर पुलिस स्टेशन में सुभाष दयाल ने शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि लगभग दो महीने पहले कंप्यूटर बाबा और उनके एक सहयोगी ने उनके आश्रम के करीब गोम्मटगिरी जैन तीर्थ में एक द्वार के निर्माण को जबरन रोक दिया गया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बाबा ने वहां पर मौजूद लोगों से दुर्व्यवहार करते हुए गोलीगलौच किया निर्माण रोकने के लिए बरछी से हमला किया। प्राथमिकी आईपीसी की धारा 323 (हमला करने) और 506 (आपराधिक धमकी) देने के तहत दर्ज की गई है। पिछले आठ नवंबर को जम्बूदी हाप्सी गांव में सरकारी जमीन पर बाबा के आश्रम को जिला प्रशासन ध्वस्त कर दिया था।

## सीएम योगी आदित्यनाथ बोले 'जय छठी मइया', राज्य कर्मियों ने मांगा सार्वजनिक अवकाश

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को छठ पर्व के पहले दिन ट्वीट कर प्रदेशवासियों को शुभकामना संदेश दिया है**

**लखनऊ, जेएनएन।** बुधवार से आस्था के सबसे बड़े पर्व छठ की शुरूआत हो चुकी है। छठ पर्व 18 नवंबर से 21 नवंबर तक चलेगा। छठी मइया को अर्घ्य देने के लिए भक्त 20 नवंबर की शाम जल में उतरेंगे। इसके बाद 21 नवंबर की सुबह उगते हुए सूरज को अर्घ्य देकर व्रत का समापन होगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छठ पूजा के प्रथम व्रत 'नहाए-खाए' की सभी को शुभकामनाएं दी हैं। वहीं, राज्य कर्मचारियों ने सीएम योगी को पत्र भेजकर छठ पूजा पर सार्वजनिक अवकाश की मांग की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को छठ पर्व के पहले दिन ट्वीट कर प्रदेशवासियों को शुभकामना संदेश दिया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि 'प्रकृति के प्रति वंदनीय भाव के प्रतीक, लोक आस्था के महापर्व 'छठ पूजा' के प्रथम व्रत 'नहाए-खाए' की आप सभी को शुभकामनाएं। कोरोना अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ



है, कमजोर हुआ है। बचाव ही सर्वोत्तम उपाय है। पूर्व के त्योहारों की भांति छठ भी घर पर ही मनाने का प्रयास करें। जय छठी मइया'

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व के त्योहारों की भांति छठ पर्व भी घर पर ही मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कोरोना अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है बल्कि कमजोर हुआ है। बचाव ही इसका सर्वोत्तम उपाय है। ऐसे में पर्व के दौरान भी फिजिकल डिस्टेंसिंग के मानकों का पूरी तरह अनुपालन करें। बता दें कि बुधवार से नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व की शुरूआत हो गई। 19 नवंबर को छोटी छठ व खरना पर व्रती महिलाएं साठी चावल व गुड़ की खीर (रसियाव) का सेवन कर 36 घंटे के निर्जल व्रत की शुरूआत करती हैं। 20 नवंबर को पहला अर्ध्य होगा। 21 नवंबर को प्रसाद वितरण के बाद पारण के साथ व्रत का समापन होगा।

**छठ पूजा पर सार्वजनिक अवकाश की मांग :** जवाहर भवन-इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर छठ पूजा पर सार्वजनिक अवकाश की मांग की है। महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पांडेय और महामंत्री सुशील कुमार बच्चा का कहना है कि छठ पर्व के अवसर पर शुक्रवार को अवकाश घोषित किया जाए। आस्था के इस पर्व पर महिलाएं निर्जला व्रत रहती हैं, ऐसे में इस दिन अवकाश किया जाए। पूर्व में भी सरकारों से इसकी मांग की जा चुकी है लेकिन अभी तक यह पूरी नहीं हुई। उम्मीद है इस बार मुख्यमंत्री घोषणा जरूर करेंगे।

## पंजाब में किसानों का एलान- जारी रहेगा आंदोलन, 33 ट्रेनें रद, रेलवे को करोड़ों का नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** पंजाब में किसानों के आंदोलन के चलते हालात बिगड़ने लगे हैं। समाचार एजेंसी एएनआइ के मुताबिक, आंदोलन के चलते रेलवे को 33 ट्रेनें रद करनी पड़ीं, जबकि 11 को गंतव्य तक पहुंचने से पहले ही रोक दिया गया। इस बीच किसानों ने कहा है कि उनका आंदोलन जारी रहेगा। पंजाब के किसान संगठनों ने बुधवार को केंद्र के अड़ियल रुख की निंदा करते हुए ट्रेनों के संचालन के मसले पर कहा कि सरकार को पहले मालगाड़ियों का परिचालन शुरू करना चाहिए। इसके बाद ही यात्री ट्रेनों के संचालन पर विचार किया जाएगा।



समाचार एजेंसी पीटीआई की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, पंजाब में किसानों के आंदोलन के चलते भारतीय रेल को अकेले मालभाड़े से होने वाली आमदनी में 1,670 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। मालूम हो कि किसानों के इस आंदोलन को 52 दिन हो चुके हैं। इस आंदोलन के चलते 16 नवंबर तक 1,986 यात्री रेलगाड़ियां और 3,090 मालगाड़ियां रद हो चुकी है। वहीं रेलवे ने प्रदर्शनकारी किसानों के केवल मालगाड़ियां शुरू करने के प्रस्ताव को मानने से इनकार कर दिया है। इससे संकट और गहरा गया है। आंदोलन के चलते रेलवे को हर रोज करीब 36 करोड़ मालभाड़े के नुकसान का अनुमान है।

किसानों के प्रस्ताव पर रेलवे ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि राज्य में चलेंगी तो यात्री रेलगाड़ियां और मालगाड़ियां दोनों... अन्यथा कोई गाड़ी नहीं चलेगी। यहां बता दें कि बीते दिनों केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमार और रेल मंत्री पीयूष गोयल के साथ किसानों की बातचीत का कोई हल नहीं निकल पाया था। राज्य में मालगाड़ियों का परिचालन नहीं होने से उद्योगों को भारी नुकसान हो रहा है। पंजाब किसान यूनियन के नेता रुलदू सिंह ने कहा कि केंद्र ने पंजाब के किसानों, कारोबारियों और श्रमिकों के खिलाफ अड़ियल रवैया अपनाया है। हम इसकी निंदा करते हैं।

रुलदू सिंह ने आगे कहा कि करीब 30 किसान संगठनों के प्रतिनिधि और लाखों किसान कृषि कानूनों के खिलाफ 26 और 27 नवंबर को प्रदर्शन करने के लिए ट्रैक्टर से दिल्ली जाने को तैयार हैं लेकिन केंद्र सरकार ने कोरोना महामारी का हवाला देकर राष्ट्रीय राजधानी में विरोध प्रदर्शनों को अनुमति नहीं दी है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, पूरे देश के 200 किसान संगठनों के मंच अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति ने 'दिल्ली चलो' प्रदर्शन का आह्वान किया है। किसान नेताओं की मानें तो वे भाजपा नेताओं का घेराव करने वाले हैं...एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि किसान राज्य में भाजपा नेताओं के घर के सामने प्रदर्शन कर रहे हैं। उनसे पूछा गया कि क्या वह भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का भी घेराव करेंगे अगर वह पंजाब आते हैं? इस पर सिंह ने कहा कि वे निश्चित रूप से ऐसा करेंगे। उल्लेखनीय है कि नड्डा 19 नवंबर को पंजाब के 10 जिलों के पार्टी कार्यालय का डिजिटल उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी की तैयारियों की समीक्षा के लिए उनका तीन दिन का पंजाब दौरा प्रस्तावित है।

## गोवा की पूर्व राज्यपाल और वरिष्ठ भाजपा नेत्री मृदुला सिन्हा का निधन, पीएम मोदी और अमित शाह ने दुःख जताया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गोवा की पूर्व राज्यपाल, प्रख्यात साहित्यकार और वरिष्ठ भाजपा नेत्री मृदुला सिन्हा का उनके 78 वें जन्मदिन से कुछ ही दिन पहले बुधवार को दिल्ली में निधन हो गया। वह एक कुशल लेखिका भी थीं, जिन्होंने साहित्य और संस्कृति की दुनिया में व्यापक योगदान दिया था। 77 वर्षीय मृदुला सिन्हा बिहार में मुजफ्फरपुर की रहने वाली थी, पहले जनसंघ और फिर भाजपा से जुड़ीं। उन्होंने भाजपा की महिला शाखा की प्रमुख के रूप में भी काम किया था। पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनके निधन पर दुख जताया है। मृदुला सिन्हा को दिवाली की रात हृदयाघात हुआ था, जिसके बाद उन्हें फोर्टिस एस्कॉर्ट



हॉस्पिटल ले जाया गया। बुधवार दोपहर 2:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार परसों दिल्ली में ही किया जाएगा। मृदुला सिन्हा कालकाजी स्थित अपने आवास पर अपने बेटे बहू और दो पोतियों के साथ रहती थी। उनके बेटे नवीन सिन्हा ने बताया कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ने फोन कर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी है। पूर्व राज्यपाल का पार्थिव शरीर अभी फोर्टिस अस्पताल में ही है।

पीएम मोदी ने ट्वीट कर लिखा कि मृदुला सिन्हा जी को जनता की सेवा के लिए उनके प्रयासों के लिए याद किया जाएगा। वह एक कुशल लेखिका भी थीं, जिन्होंने साहित्य के साथ-साथ संस्कृति की दुनिया में भी व्यापक योगदान दिया। उनके निधन से दुखी हूं। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना। ओम शांति।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर लिखा कि गोवा की पूर्व राज्यपाल और वरिष्ठ भाजपा नेता मृदुला सिन्हा जी का निधन बहुत दुःखद है। उन्होंने जीवन पर्यन्त राष्ट्र, समाज और संगठन के लिए काम किया। वह एक निपुण लेखिका भी थी, जिन्हें उनके लेखन के लिए भी सदैव याद किया जाएगा। उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूँ। ॐ शान्ति।

## केरल के पूर्व मंत्री वीके इब्राहिम कुंजू गिरफ्तार फ्लाईओवर निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप

**कोच्चि, पीटीआइ।** केरल के पूर्व मंत्री और आइयूएमएल के विधायक वीके इब्राहिम कुंजू को सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो बुधवार को कथित भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। राज्य की पूर्व सरकार कांग्रेस- यूडीएफ की शासन के दौरान फ्लाईओवर के निर्माण में हुए कथित भ्रष्टाचार को लेकर उनकी गिरफ्तारी हुई है। मामले की जांच कर रहे सतर्कता अधिकारियों ने कुंजु को यहां एक निजी अस्पताल से गिरफ्तार किया गया। जहां उनका इलाज चल रहा था। सूत्रों ने कहा कि सतर्कता दल ने गिरफ्तारी से पहले अस्पताल अधिकारियों के साथ बातचीत की। इससे पहले फ्लाईओवर मामले के संबंध में वीएसीबी के अधिकारियों ने कुंजु से पूछताछ की थी।



इब्राहिम कुंजू ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को खारिज किया है और इसे 'राजनीति से प्रेरित' बताया है। उनपर आरोप है कि वह पुल की खराब गुणवत्ता के लिए जिम्मेदार थे। इसका निर्माण तब किया गया था जब वह ओमन चांडी की नेतृत्व वाली यूडीएफ सरकार में वह पीडब्ल्यूडी मंत्री थे। राज्य सरकार ने फ्लाईओवर के पुनर्निर्माण का फैसला किया है।

इब्राहिम कुंजू मामले में पांचवें आरोपी हैं। 42 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित, 750 मीटर के इस फ्लाईओवर को 100 से अधिक वर्षों तक चलना चाहिए था। यह अक्टूबर 2016 में खोला गया था और तीन साल के भीतर फ्लाईओवर ढहने लगा और इसे बंद करना पड़ा। फ्लाईओवर का निर्माण दिल्ली स्थित आरडीएस प्रोजेक्ट्स द्वारा राज्य के स्वामित्व वाली सड़क और पुल विकास निगम के लिए किया गया था। कीटको परियोजना के लिए पर्यवेक्षण सलाहकार था।

इस मामले में पहले ही चार गिरफ्तारियां हो चुकी हैं और चारों को जमानत पर रिहा कर दिया गया था। पहले गिरफ्तार किए गए लोगों में आरडीएस प्रोजेक्ट्स के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुमित गोयल, लोक निर्माण विभाग के पूर्व सचिव टीओ सोरज, कीटको का प्रतिनिधि बेनी पॉल और एमटी सड़कें और पुल विकास निगम से एमटी थकाचन शामिल थे।

## कांग्रेस शीर्ष नेताओं की बैठक, पार्टी में मचे घमासान पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली, पीटीआइ।** बिहार चुनाव और मध्य प्रदेश उपचुनाव में पराजय के बाद कांग्रेस में घमासान शुरू हो गया है। इस बीच मंगलवार शाम को पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी की मदद के लिए गठित विशेष समिति की बैठक हुई, जिसमें पार्टी की वर्तमान स्थिति को लेकर चर्चा की गई। कल हुई इस बैठक को लेकर, आधिकारिक तौर पर तो कोई जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है कि पार्टी के शीर्ष पैनल ने वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा की है, जिसमें बिहार चुनाव परिणाम, जम्मू-कश्मीर में आगामी जिला विकास परिषद चुनाव और अन्य प्रमुख मुद्दे शामिल हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल अस्वस्थ होने के चलते मीटिंग में शामिल नहीं हो सके। वहीं, एके एंटनी, रणदीप सुरजेवाला और मुकुल वासनिक ने मीटिंग में हिस्सा लिया। ऐसा पहली बार है जब शीर्ष नेताओं के 6 सदस्यीय पैनल ने पार्टी बैठक की है, जिसका गठन अगस्त महीने में किया गया था। कांग्रेस में नेतृत्व की शैली और संगठन की चाल-ढाल की कमजोरी को लेकर 23 नेताओं की तरफ से लिखे पत्र विवाद के बाद सोनिया गांधी ने 6 सदस्यीय पैनल का गठन किया था। बता दें कि बिहार और अन्य राज्यों में कांग्रेस की हार के बाद पार्टी में उठा-पटक शुरू हो गई है। कपिल सिब्बल और अन्य नेताओं द्वारा पार्टी नेतृत्व में बदलाव की मांग के बाद तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। कपिल सिब्बल द्वारा पार्टी नेतृत्व को लेकर उठाए गए सवालों के खिलाफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता खुलकर सामने आए। इन नेताओं ने सिब्बल की घेराबंदी की और गांधी परिवार के नेतृत्व के प्रति अपना समर्थन जाहिर किया। इनमें अधीर रंजन, सलमान खुर्शीद, राजीव शुक्ला और मणिक्कम टैगोर जैसे नेता गांधी परिवार के समर्थन में दिखाई दिए। खुर्शीद ने फेसबुक पर एक पोस्ट करके कपिल सिब्बल समेत उन आलोचकों पर हमला बोला है जो पार्टी नेतृत्व में बदलाव की मांग कर रहे हैं।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी मंडल की बैठक 22 से, मोहन भागवत भी आएंगे

**प्रयागराज, जेएनएन।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी मंडल (पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र) की बैठक 22 से 24 नवंबर तक गौहनिया में होगी। इसमें सर संघ चालक मोहन भागवत और सर कार्यवाह भैया जी जोशी भी शामिल होंगे। देशभर में 11 स्थानों पर कार्यकारी मंडल की ऐसी बैठकें होगी।



शहर से करीब 20 किलोमीटर दूर गौहनिया में मंथन के दौरान कामकाज की आंतरिक समीक्षा के साथ राम मंदिर जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। काशी प्रांत, अवध प्रांत, कानपुर व गोरक्ष प्रांत के पदाधिकारी मंथन में शामिल होंगे। संघ से जुड़े सूत्रों के मुताबिक कोरोना के चलते राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की बैठकें प्रभावित हुई है। मार्च में प्रतिनिधि सभा की बैठक होनी थी लेकिन नहीं हुई। जून में होने वाली प्रांत प्रचारकों की बैठक भी स्थगित करनी पड़ी। कोरोना संक्रमण को देखते हुए राष्ट्रीय कार्यकारी मंडल की बैठक का स्वरूप भी बदला गया है। अब यह एक जगह न होकर प्रांत स्तर पर 11 स्थानों पर होगी। इसी क्रम में पूर्वी उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों की बैठक गौहनिया स्थित वशिष्ठ वात्सल्य कॉलेज में 22, 23 और 24 नवंबर को होगी। इसमें सर संघ चालक मोहन भागवत के साथ सर कार्यवाह भैया जी जोशी, सह सर कार्यवाह सहित कई अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल होंगे। प्रांत स्तर के संचालक, प्रचारक व कार्यवाह भी रहेंगे। सर संघ चालक अब तक के कार्यों की समीक्षा कर आगे की रणनीति के बारे में मार्गदर्शन करेंगे। सूत्रों के अनुसार बैठक में श्री राम मंदिर को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार की रणनीति बनाई जाएगी। कोरोना काल में संघ की तरफ से कौशल विकास के लिए किए जा रहे प्रयास की भी समीक्षा होगी। विदेशों में शाखा विस्तार के लिए उठाए जाने वाले कदम पर चर्चा हो सकती है।

## संक्षेप समाचार

### फेसबुक पेज पर सरकार विरोधी शब्द लिखने से मचा हड़कंप

**नैनी।** केंद्रीय कारागार नैनी मे बंद समाजवादी पार्टी से जुड़ी छात्रनेता नेहा यादव के फेसबुक पेज पर सरकार विरोधी पोस्ट लिखने पर बवाल मच गया है। लगभग डेढ़ लाख से ज्यादा लाइक एवं कमेंट देख पुलिस प्रशासन के कान खड़े हो गए। सवाल यह खड़ा हो गया कि आखिर जेल के अंदर नेहा सिंह को मोबाइल कौन उपलब्ध कराया। छानबीन में पता चला कि नेहा सिंह के फेसबुक पेज पर उसके साथियों ने यह पोस्ट डाली है। जिसके बाद पुलिस अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत नैनी कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। पुलिस ने मंगलवार रात सीओडी के समीप रहने वाले एक सपा पार्टी से जुड़े कार्यकर्ता के दो घरों पर दबिश दी। हालांकि वह पकड़ा नहीं गया। गौरतलब हो कि करीब एक माह पूर्व सांसद विनोद सोनकर के सामने सर्किट हाउस में सपा कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया था। जिसमें पुलिस ने सपा नेता शिव यादव, नेहा यादव आदि को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शिव यादव व अन्य की तो जमानत हो गई, लेकिन नेहा यादव की जमानत नहीं हो पाई है। वहीं जेल में निरूद्ध नेहा यादव ने नैनी पुलिस को लिखित बयान पर दी है कि वह बीते 3 अक्टूबर से केंद्रीय कारागार नैनी के विरुद्ध है और उत्त फेसबुक पेज मेरे द्वारा संचालित नहीं किया जा रहा है और न ही मेरे द्वारा कारागार से कोई पोस्ट किया जा रहा है।

# मा0 उपमुख्यमंत्री ने बक्शी बांध पर 5292.36 लाख रुपए की लागत से बनने वाले रेल उपरिगामी सेतु का किया भूमि पूजन एवं शिलान्यास

**प्रयागराज।** मा0 उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को प्रयाग रेलवे स्टेशन के निकट बक्शी बांध पर 5292.36 लाख (लगभग 53 करोड़) रुपए की लागत से बनने वाले रेल उपरिगामी सेतु का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। रेल उपरिगामी सेतु की लम्बाई 803.420 मीटर निर्धारित की गयी है। रेल उपरिगामी सेतु का निर्माण कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राज्य सेतु निर्माण निगम के द्वारा किया जायेगा। कार्य को पूर्ण करने का समय एक वर्ष निर्धारित किया गया है।

इस अवसर पर लोगो को सम्बोधित करते हुए मा0 उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण से बघाड़ा, दारागंज से आने-जाने वाले लोगो को रेलवे क्रासिंग पर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा माघ मेला व कुम्भ मेला में आने वाले स्नानार्थियों के लिए भी यह उपरिगामी सेतु अत्यधिक उपयोगी



रेल उपरिगामी सेतु का भूमिपूजन एवं शिलान्यास करते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

सिद्ध होगा। कहा कि यह उपरिगामी सेतु प्रयागराज के विकास में एक और कड़ी के रूप में है। उन्होंने सेतु निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उपरिगामी सेतु का निर्माण कार्य प्रत्येक दशा में एक वर्ष के अन्दर पूर्ण कर लिया जाये। मा0 उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से प्रदेश सरकार मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार गांव, गरीब, किसान, व्यापारी सहित सभी के विकास के लिए निरंतर तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही प्रयागराज में सलोरी में आरओबी का निर्माण कार्य भी कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि रिंग रोड के निर्माण कार्य की कार्यवाही चल रही है। गंगा नदी पर फाफामऊ के पास मलाक हरहर से बनने वाले 6 लेन पुल का निर्माण कार्य भी शीघ्र ही शुरू हो जायेगा। मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रयागराज के साथ-साथ प्रदेश के सभी जनपदों में सड़कों का जाल बिछाया गया है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। कहा कि रामवनगमन मार्ग के निर्माण कार्य के पूर्ण हो जाने पर चित्रकूट से अयोध्या तक के आवागमन का मार्ग सुगम हो जायेगा और बहुत ही कम समय में लोग यात्रा पूरी कर लेंगे, जिससे समय की बचत होगी।

कार्यक्रम में बोलते हुए मा0 सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल ने कहा कि इस उपरिगामी सेतु के निर्माण से बघाड़ा-दारागंज आने-जाने वाले लोगो के लिए अत्यधिक सुविधाजनक हो जायेगा और क्रासिंग पर लगने वाले जाम से मुक्ति मिल जायेगी। उन्होंने इसके लिए मा0 उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को धन्यवाद ज्ञापित किया। शहर उत्तरी के मा0 विधायक श्री हर्षवर्धन वाजपेयी इस उपरिगामी सेतु के लिए मा0 उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इससे रेलवे क्रासिंग पर लगने वाले जाम से लोगो को राहत मिलेगी तथा आवागमन सुगम हो जायेगा। इस अवसर पर फाफामऊ के मा0 विधायक-विक्रमाजीत मौर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रंजना त्रिपाठी के द्वारा किया गया।

## कोविड-19 को देखते हुए इस वर्ष निरंकारी सन्त समागम वर्चुअल होगा

**प्रयागराज।** सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से इस वर्ष का 73वाँ वार्षिक निरंकारी सन्त समागम वर्चुअल रूप में दिनांक 5, 6, 7 दिसम्बर 2020 को आयोजित किया जायेगा। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर भारत सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए ऐसा किया गया है। इस समागम को विश्व भर के लाखों श्रद्धालु घर बैठे आनलाईन माध्यम द्वारा देख सकेंगे। उक्त जानकारी स्थानीय जोनल इंचार्ज अशोक कुमार सचदेव जी ने दी।

उल्लेखनीय है कि विगत 72 वर्षों तक निरंकारी सन्त समागम श्रद्धालुओं, भक्तों की प्रत्यक्ष उपस्थिति में होता रहा है, जिसमें लाखों भक्त उपस्थित होकर सन्त समागम का आनन्द लेते थे मगर इस बार निरंकारी मिशन के इतिहास में ऐसा प्रथम बार होने जा रहा है कि वार्षिक निरंकारी सन्त समागम



वर्चुअल (आभासी) रूप में आयोजित किया जा रहा है। इस सूचना से समस्त साध संगत में हर्षोल्लास का वातावरण है।

सम्पूर्ण समागम का वर्चुअल प्रसारण 'मिशन की बेबसाईट' पर दिनांक 5, 6, 7 दिसम्बर 2020 को प्रस्तुत किया जायेगा। इसके अतिरिक्त यह समागम 'संस्कार टी॰वी॰ चैनल' पर तीनों दिन सायं 5.30 से रात्रि 9.00 बजे तक प्रसारित किया जायेगा।

## प्रतापगढ़ के दुष्कर्म समेत अपराधी को पुलिस ने दबोचा, भेजा जेल

**होलागढ़।** कई माह से फरार चल रहे प्रतापगढ़ के दुष्कर्म आरोपी को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। पकड़े गये आरोपी पर कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज है। जिसे पुलिस को तलाश थी।

होलागढ़ एसआई रमेश कुमार हमराही शिवाजी राय एवं सुभाष यादव के साथ बुधवार की सुबह बारादरी तिराहे पर पुलिस गश्त पर थी। पुलिस के मुताबिक दुष्कर्म, एससी, एसटी, पॉस्को एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने धर दबोचा। पकड़ा गया आरोपी मनोज कुमार पुत्र राम बाबू निवासी नामदेवपुर बाघराय जनपद प्रतापगढ़ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है।

# तीन हत्याओं को अंजाम देने वाला साइको किलर गिरफ्तार

### शंकरगढ़ और कीडगंज थाने की पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से की गिरफ्तारी

**मुट्ठीगंज के पूर्व पार्षद की मां सहित तीन लोगों को उतारा था मौत के घाट**

आलोक गुप्ता

**शंकरगढ़।** चार नवंबर से 11 नवंबर के बीच तीन हत्याओं को अंजाम देने वाले साइको किलर को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया है। यह गिरफ्तारी शंकरगढ़ और कीडगंज पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से की है। बताया जाता है कि हफ्तेभर में हुई तीन हत्याओं से परेशान यमुनापार और शंकरगढ़ थाना क्षेत्र की पुलिस सरगर्मी से हत्यारे की तलाश कर रही थी। गिरफ्त में आए आरोपी ने उक्त घटनाओं को स्वीकार किया है। उसके पास से लाठी, हंसिया और एक मृतक का मोबाइल भी बरामद हुआ है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी के निर्देशन और एसपी यमुनापार चक्रेश मिश्र, सीओ बारा के पर्यवेक्षण में चलाए




जा रहे अभियान क्रम में उक्त गिरफ्तारी की गई है। थानाध्यक्ष शंकरगढ़ राजेश उपाध्याय ने बताया कि कीडगंज के प्रभारी निरीक्षक रोशनलाल और उनकी टीम के सहयोग से मुखबिर की सूचना पर कई हत्याओं के आरोपी रमेश पासी पुत्र राम बहादुर निवासी लौंदकला, लालापुर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से हत्या में प्रयुक्त लाठी, हंसिया और एक मृतक का मोबाइल भी बरामद हुआ है।

एसओ राजेश उपाध्याय ने बताया कि रमेश पासी ने बीते नौ नवंबर को क्षेत्र के बड़ेदेवन मंदिर की पहाड़ी के नीचे एक अधेड़ की हत्या की थी, जबकि ठीक एक दिन बाद शंकरगढ़ क्षेत्र के ही कचारी गांव में शौच के लिए निकले किशोर की हत्या कर दी गई थी। उक्त दोनों मामलों की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। इसके अलावा रमेश पासी ने चार नवंबर को मुट्ठीगंज के पूर्व पार्षद शैलेंद्र मिश्रा की मां की गला रेतकर हत्या कर दी थी। शैलेंद्र की मां की हत्या उस समय की गई थी, जब वह गंगा स्नान के लिए गई थीं।

#### कई दिनों तक जंगल में की गई कांबिंग

शंकरगढ़ में हुई ताबड़तोड़ दो हत्याओं से परेशान शंकरगढ़ पुलिस ने आरोपी की तलाश के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर दी। यही नहीं ग्रामीणों से मिली जानकारी के आधार पर आरोपी की तलाश में क्षेत्र के जंगल में भी कई दिनों तक कांबिंग की गई। पुलिस की कंबिंग के अलावा स्थानीय ग्रामीण भी आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रहे थे, क्योंकि हर किसी को उक्त साइको किलर से भय लगने लगा था। फिलहाल रमेश के पकड़ेजाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

#### मोबाइल साथ होने से मिलती रही लोकेशन

शंकरगढ़ थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय ने बताया कि हत्यारोपी रमेश पासी ने एक हत्या के बाद एक मृतक का मोबाइल ले लिया था। उक्त मोबाइल नया था और उसी मोबाइल के आधार पर कई दिनों तक उसकी लोकेशन ट्रेस कर उसकी तलाश की जाती रही, लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़ा। कई दिनों के बाद जब मोबाइल स्विच आफ हो गया तो उसकी लोकेशन मिलनी भी बंद हो गई। लेकिन, इधर, मुखबिर की सटीक सूचना मिलने पर तीन हत्याओं के आरोपी रमेश पासी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# पूर्ण सक्रियता से किये गए कार्य से गांव का होता है चहुमुखी विकास

**नेवढ़िया ग्राम प्रधान द्वारा कराये गये विभिंन्न विकास कार्यो का हुआ लोकार्पण**

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र स्वच्छ मिशन एवं नारी सम्मान शक्ति करण के अंतर्गत मंगलवार को विकासखण्ड मेजा अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवढ़िया में प्रधान सिंधु सिंह द्वारा किये गए विभिंन्न विकास कार्यो का मा0 न्यायधीश विवेक सिंह ने लोकार्पण किया। बतौर मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति ने प्रधान सिंधु सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि किसी भी ग्राम पंचायत का सरपंच पूर्ण सक्रियता के साथ अपने कर्तव्य एवं जिम्मेदारियों का निर्वहन करें तो गांव का चहुंमुखी विकास निश्चित होता है। उन्होंने कहा कि सरपंच सिंधु सिंह ने अपने विकास परक कार्यों की सोच के चलते विभिन्न मदों की राशि से कराये गये निर्माण कार्यो में प्रा0वि0नेवढ़िया द्वितीय, पूर्व मा0वि0 नेवढ़िया का कायाकल्प एवं सौंदर्यीकरण, हाईटेक पंचायत भवन का जीर्णोद्धार, महिला



विकास कार्यों का लोकार्पण करते न्यायधीश विवेक सिंह व उपस्थित लोग

सामुदायिक शौचालय, दिव्यांग शौचालय, आंगनवाड़ी भवन, प्रा0वि0 सजैला पसियांन में एक कक्षीय भवन और कई इंटर लॉकिंग सड़क का कार्य पूर्ण कर ग्रामीणों की जरूरतों को पूर्ण करने का सफल प्रयास किया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मेजा विधायक नीलम करवरिया ने प्रधान की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि ग्राम व ग्रामजनों के विकास की परिकल्पना के साथ ही ग्रामीणों के सहयोग से ही यह संभव हुआ है। जिसके लिए मैं प्रधान और प्रधान प्रतिनिधि को धन्यवाद देती हूं। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी वयोवृद्ध त्रिवेणी प्रसाद दुबे और पूर्व ब्लाक प्रमुख मेजा प्रेमशंकर शुक्ल उर्फ मुन्नन शुक्ल ने प्रधान द्वारा किये व्ये कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि प्रधान प्रतिनिधि एवं उनके पति लल्ला सिंह की गांव के विकास की सोच का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि प्रधान की उच्च सोच यदि हो तो गांव का कायाकल्प बदला जा सकता है, जिसकी बदौलत लल्ला सिंह ने कर एक मिसाल कायम की है। सभी अतिथियों को समाजसेवी विजयकांत मिश्र ने स्मृति चिन्ह व शाल भेंट कर सम्मानित किया। इससे पूर्व अतिथियों का सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायक अर्चना तिवारी और मंटू मिश्र ने सुर संगम से जहां स्वागत किया वही आयोजक प्रधान सिंधु सिंह व प्रतिनिधि लल्ला सिंह ने बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सन्तोष मिश्र ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय सिंह, शिक्षक संघ अध्यक्ष मनीष तिवारी, खण्ड विकास अधिकारी सीपी श्रीवास्ततव, सहायक विकास अधिकारी पंचायत रामशंकर त्रिपााठी, अवर अभियंता विद्युत त्रिलोकनाथ गौड़, प्रभारी निरीक्षक मेजा सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## घर के अंदर घुसकर दबंगों ने पीट कर किया घायल

**करछना।** थाना क्षेत्र के बीरपुर गांव में रास्ते को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमे एक पक्ष की तरफ से पांच लोगों को आई गम्भीर रूप से चोट मे एक की हालत गंभीर होने से जिला अस्पताल के लिए भेजा गया। बीरपुर गांव के रहने वाले सियाराम शर्मा पुत्र ननकू राम शर्मा का पड़ोसी से रास्ते पर मिट्टी रखने को लेकर 17 नवम्बर को विवाद हो गया था जिसकी शिकायत थाना करछना को दी गई थी दोनों पक्षों को थाने ले जाया गया जहां साम को दोनों पक्षों को 151 मे चालान कर दिया गया था बुधवार सुबह ही दूसरे पक्ष के राम अचल पुत्र शिव प्रसाद, लालमणि शर्मा, शिवम शर्मा, रवी शंकर, शिवांकुल, राज नारायण, पिन्टू, के साथ घर पर पहुंचे और घर मे सो रहीं कुंजन शर्मा के साथ जबरन मारपीट करने लगे जिसकी चीख पुकार सुन घर वाले पहुंचे तो एक-एक कर सभी को मारपीट कर घायल कर दिया और मौके से भाग निकले जिसके बाद फोन के माध्यम से सुचना चौकी भीरपूर को दी गई मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी अमित कुमार ने घायलो को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना ले गये जहां एक महिला की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए भेजा गया जिसके बाद मारपीट करने वालो में तीन लोगों का पुलिस पकड कर थाने ले आई वहीं गुंजन का आरोप है कि उसने साथ राम अचल, शिवम शर्मा, शिवांकुल उसके साथ अभद्रता भी की और बाद मे घर वालों को भी लाठी डंडे से मारपीट कर घायल करते हुए फरार हो गए। जिसके बाद चौकी प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया की दोनों पक्षों में रास्ते को लेकर मारपीट हुई है जिसमें दोनों पक्षों को चोट आई है जिसके आधार पर दोनों पक्षों को थाने ले आया गया है और तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

## ट्रक की टक्कर से पलटी बोलेरो आधा दर्जन घायल

**घूरपुर।** क्षेत्र के बादलगंज गांव के सामने हाईवे पर ट्रक की टक्कर से बोलेरो पलट गई। जिसमें सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। नैनी के महेवा निवासी कय्यूम अहमद अपनी निजी बोलेरो से परिवार सहित नारीबारी रिश्तेदारी में मंगलवार के दिन गये थे। रात घर वापस होते समय घूरपुर क्षेत्र के बादलगंज हाईवे पर पहुंचे तो एक ट्रक को ओवरटेक करते समय ट्रक ने साइड से टक्कर मार दी। जिससे बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। जिसमें कय्यूम अहमद (55) सहित मोहद्दीन (65)सोनू (20) नाजिया (30) सलमान (25) बंटी (15) घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को बाहर निकाल पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। और पलटी बोलेरो को उठवा सड़क किनारे किया। ट्रक मौके से भाग निकली।

## कोड़ापुर के अंकू दूबे ने क्रिकेट में किया नाम रोशन

**फूलपुर।** विश्व के सबसे लोकप्रिय खेल क्रिकेट में रुचि बढ़ी तो कोड़ापुर गांव के अंकू दूबे ने अपनी रूचि व प्रतिभा के अनुसार 16 वर्ष की उम्र से ही खेल की शुरूआत कर दिया। पिता विनोद कुमार दूबे सहित स्वजनों ने सहयोग करते हुए अंकू का मनोबल बढ़ाने के लिए प्रयागराज के स्टेडियम में नामांकन करा दिया । क्रिकेट खेल में कोच के रूप में उनको कौशिक पाल,परवेज आलम,तथा अमित पाल से क्रिकेट की बारिकियों को सीखने का मौका मिला । अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए उक्त खिलाड़ी ने जिले के साथ प्रदेश के खिलाड़ियों के साथ खेलना शुरू किया। दिल्ली, बांबे, कलकत्ता, चेन्नई, उत्तराखंड सहित कई प्रदेशों में क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बनकर दुबई, भूटान, बांग्लादेश, नेपाल सहित कई देश में




क्रिकेटर अंकू दूबे

अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। ओपनर बल्लेबाज और दाएं हाथ के स्पिनर गेंदबाज अंकू दूबे के क्रिकेट खेल का प्रदर्शन भारत के नेशनल, डी डी स्पोर्ट्स,डी डी नेशनल तथा सोनी सिक्स पर प्रसारण हो चुका है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर शाहिद अफरीदी, मोहम्मद आमिर सहित कई खिलाड़ियों के साथ उन्हें खेलने का मौका मिला।

# तालाब में तैरता मिला युवती का शव, मची खलबली

**होलागढ़।** दो दिन से लापता एक युवती का शव बुधवार को अरूआंव गांव के तालाब में पाया गया। युवती का शव मिलने की खबर पाकर पुलिस अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जिसके बाद पुलिस युवती का शव तालाब से बाहर निकलवाते हुए पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। युवती का तालाब में शव मिलने के बाद परिजन में कोहराम मचा रहा। हालांकि घटना मामले में पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है। लेकिन परिजन द्वारा युवती का दीमागी हालत ठीक न रहने बताया जा रहा है। हालांकि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। घटना होलागढ़ इलाके की है।

होलागढ़ थानाक्षेत्र के मुकुंदपुर मजरा महमूदपुर गांव निवासी श्रीकांत तिवारी सूरत में रहकर एक कंपनी में कार्य



शव मिलने के बाद मौके पर पहुंचे एएसपी अशोक वेंकट व जुटे ग्रामीण

करता है। उसकी बेटी काजल (18) का दीमागी संतुलन काफी दिनों से खराब चल रहा है। बताया जाता है कि वह दो दिन पूर्व घर से निकली। फिर वापस नहीं लौटी। जिसके बाद परिजन द्वारा काजल की हर संभावित स्थानों पर खोजबीन किया गया, लेकिन कहीं पता नहीं चला। जिसके बाद बुधवार की सुबह अरूआंव गांव स्थित तालाब में काजल का शव मिलने के बाद ग्रामीणों का मजमा लग गया। सूचना पाकर मौके पर एएसपी अशोक वेंकट, होलागढ़ इंस्पेक्टर तारकेश्वर राय मयफोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर शव को तालाब से बाहर निकलवाया। तालाब से शव को बाहर निकालने पर शव काफी फूल चुका था। पुलिस शव को पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर घटना के बाद परिजन का रो-रोकर बुरा हाल रहा। तालाब में शव मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। वहीं ग्रमीणों में शव मिलने के बाद चचाएं चलती रही। हालांकि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

"युवती के शव को पीएम के लिए भेजते हुए मामले की जांच की जा रही है। परिजन द्वारा मानसिक विक्षिप्त बताया जा रहा है। लेकिन पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। जबकि मामले में किसी प्रकार की तहरीर पुलिस को नहीं दी गई है।"

**-अशोक वेंकट, एएसपी**

# प्रयागराज हलचल

प्रयागराज गुरूवार, 19 नवम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### दुकानदार पर युवक ने चाकू से किया हमला गिरफ्तार

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र स्थित पीडीए तिराहे के समीप बुधवार दोपहर एक दुकानदार पर सनकी युवक ने चाकू से हमला कर दिया। जिससे वहां हड़कंप मच गया। लोगों की भीड़ जमा हो गई और बीच बचाव कर दुकानदार किसी तरह से बचाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को पुलिस हिरासत में लेकर नैनी कोतवाली उठा लाई। ले और पुलिस को खबर दी। नैनी कोतवाली क्षेत्र के नई बाजार के समीप पीडीए तिराहे के निकट लाला केसरवानी पुत्र बेचूलाल इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाते हैं। प्रतिदिन की तरह वह बुधवार को ग्राहक को समान बेच रहे थे। उसी दौरान बाबा सिंधी नामक युवक वहां आया और काउंटर के समीप अचानक चाकू से हमला कर दिया। जिसमें दुकानदार लाला केसरवानी बाल-बाल बच गए। बताते हैं कि दुकानदार और युवक के बीच पहले से ही विवाद चला आ रहा है। बीते कुछ वर्ष पूर्व हमलावर आरोपी ने उक्त दुकान पर बमबाजी की घटना को अंजाम दे चुका है।

### ट्रक ड्राइवर ने दी दुकानदार को जान से मारने की धमकी

**नैनी।** क्षेत्र के कॉटन मिल तिराहे के समीप बुधवार दोपहर एक दुकान पर ट्रक चालक अचानक से दुकानदार के ऊपर हमला करना शुरू कर दिया। जिसके बाद दुकानदार ने नैनी पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची नैनी पुलिस ने जांच पड़ताल कर वापस चली गई।

# पेड़ से टकराई कार, दम्पत्ति सहित तीन जलकर खाक

**● पेड़ में टकराने के बाद कार में आग लगने से हुआ हादसा ● औद्योगिक क्षेत्र के महुआरी गांव के रहने वाले थे पति-पत्नी समेत तीन लोग**

### शादी के कार्यक्रम में मंगलवार को गए थे कोरांव, लौटते समय हुआ हादसा

**कोरांव/नैनी।** बुधवार देर रात एक विवाह कार्यक्रम से कार चालक और उसकी पत्नी के साथ लौट रहे ठेकेदार की वैगनार कार यमुनापार के कोरांव थाना अंतर्गत जवनियां नहर के समीप बबूल के पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार में आग लग गई। आग से तीनों लोग जलकर खाक हो गए। पता चलने पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी और घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उसके बाद जानकारी हुई कार के अंदर तीन लोग सवार थे। जिनके शरीर का सिर्फ ढांचा बचा था, बाकी सब कुछ जलकर खाक हो गया था। कार के चेचिस नंबर के जरिए पुलिस ने गाड़ी मालिक व उसके ड्राइवर और उसकी पत्नी की शिनाख्त कराने पर पता चला कि वह पूर्व प्रधान का नाती है।



पेड़ से टकराने के बाद आग लगने से कार सवार सहित जलकर खाक कार व जांच पड़ताल करती पुलिस

### चार साल पहले पुलिस वाले कि बेटी से किया था ठेकेदार ने प्रेम विवाह लॉक डाउन में लखनऊ से आ गया था गाँव

प्रयागराज के यमुनापार अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र के महुआरी गांव निवासी अनिल सिंह (32) पुत्र स्वर्गीय अमृतलाल सिंह ठेकेदारी का काम करता था। करीब चार साल पहले उसने मिजार्पुर के जिगना निवासी नन्हे सिंह की बेटी सुमन सिंह से प्रेम विवाह किया था। अनिल और सुमन के दो बच्चे हैं। सुमन सिंह के पिता नन्हे सिंह पुलिस विभाग में दीवान के पद से रिटायर्ड हैं और पूरा परिवार लखनऊ में रहते हैं। अनिल सिंह भी लॉक डाउन से पहले ससुराल में ही रह कर ठेकेदारी करता था। लॉकडाउन के बाद वह गांव आ गया था और यही पर अपना काम धंधा कर रहा था।



मृतक अनिल (फाइल फोटो)

### हाथ में फैक्चर होने की वजह से चढा था प्लास्टर इसलिए ड्राइवर पिंटू को लेकर गया था अनिल

घरवालों के मुताबिक उसका एक्सीडेंट हो गया था, जिससे उसका एक हाथ फैक्चर हो गया था। प्लास्टर चढ़ा हुआ था मंगलवार को कोरांव इलाके में उसके रिश्तेदार के यहां शादी थी। इसलिए वह गांव के ही पिंटू भारतीया (25) को बतौर कार चालक लेकर गया था। पिंटू के साथ उसकी पत्नी स्वाति भारतीया (24) भी थी। तीनो मंगलवार शाम को प्रीती भोज के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकले थे। भोर में लौटते समय कोरांव थाना क्षेत्र के जवनिया नहर के समीप मंगलवार को भोर में सकी वैगनआर कार सड़क के किनारे बबूल के पेड़ से टकरा गई और कार में आग लग गई। जब तक ग्रामीणों को पता चला तब तक का कार पूरी तरह से जल चुकी थी।

### तीनों की जल चुकी थी पूरी बॉडी, सिर्फ स्ट्रक्चर बचा, कार के चेचिस और इंजन नम्बर से हुई पहचान

सूचना पर इंस्पेक्टर कोरांव चंद्रभान सिंह अपने दल बल के साथ पहुंचे और सुलग रही कार पर पानी डालकर आग बुझाई उसके बाद अंदर तलाशी ली गई, तो जानकारी हुई कि कार में आगे ड्राइवर सीट पर एक व्यक्ति बैठा था। उसके बगल में दूसरा व्यक्ति बैठा था, जबकि तीसरा व्यक्ति पीछे बैठा हुआ था। गाड़ी की नंबर प्लेट और पहचान भी जल गई थी बड़ी मुश्किल से चेचिस और इंजन नंबर के जरिए गाड़ी के मालिक अनिल सिंह का पता लगाया गया तो जानकारी हुई कि कार में अनिल सिंह कार चालक पिंटू भारतीय और स्वाती बैठी थी। मौके पर एसपी यमुनापार चक्रेश मिश्रा दल बल के साथ पहुंचे और घटित दुर्घटना के बारे में संबंधित संबंधित पुलिस कर्मियों से जानकारी ली। वहीं परिजनों के आने के बाद तीनों शवों के बचे हिस्से को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इंस्पेक्टर चंद्रभान सिंह ने बताया कि तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है।

# 18 से 24 नवम्बर तक चलेगा तृतीय सड़क सुरक्षा सप्ताह

**प्रयागराज।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि शासन के निदेर्शानुसार दिनांक 18.11.2020 से 24.11.2020 तक तृतीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन जनपद प्रयागराज में किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है। तृतीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के प्रथम दिवस प्रचार वाहन दिनांक 18.11.2020 को सम्भागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार मौर्य, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राज कुमार सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया, जिसमें सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) डॉ0 सियाराम वर्मा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम सुश्री अल्का शुक्ला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वितीय भूपेश कुमार गुप्त, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) तृतीय सुरेश कुमार मौर्य, यात्रीकर अधिकारी सुरेन्द्र कुमार एवं यात्रीकर अधिकारी विक्रान्त सिंह सम्मिलित रहें। उक्त प्रचार वाहन जनपद के प्रमुख स्थानों पर भ्रमण कर सड़क सुरक्षा नियमों का प्रचार-प्रसार करेगी। सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत जनपद के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा आज दिनांक 18.11.2020 को जनपद के विभिन्न स्थानों पर हेलमेट एवं सीटबेल्ट का प्रयोग न करने पर 192 वाहनों का चालान किया गया।

# मृतक अनिल सिंह अपने सगे भाई की हत्या में जा चुका था सलाखों के पीछे

**(सुनील गिरि)**

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र के महुआरी गांव निवासी अमृत लाल सिंह के दो पुत्र व तीन पुत्रियों में अनिल सिंह दूसरे नंबर पर था। बीते 2009 में वह अपने बड़े भाई सुनील सिंह की हत्या के आरोप में सलाखों के पीछे भी जा चुका था। बीते 2009 में उसके बड़े भाई सुनील सिंह को सरे शाम घर के अंदर हत्यारों ने चापड़ से हत्या कर फरार हो गए थे। उस समय सूचना मिलने पर औद्योगिक क्षेत्र पुलिस समेत तत्कालीन आईजी सूर्यकांत शुक्ल दलबल के साथ मौके पर पहुंचे हुए थे। जांच पड़ताल का दायरा आगे बढ़ा तो पुलिस ने शक के आधार पर उसके छोटे भाई अनिल सिंह को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। उसके बाद चौंकाने वाले खुलासे को पुलिस ने किया। उसके बड़े भाई की हत्या चप्पल से कर्जा पड़ से वार कर उसके छोटे भाई अनिल सिंह ने अपने बड़े भाई की हत्या चापड़ से वारकर मौत के घाट उतार दिया था। वह अपने ह बड़े भाई की हत्या के आरोप में पुलिस ने उसे सलाखों के पीछे भेज दिए थे। उसके बाद उसके पिता की भी मौत उसके ही निमार्णाधीन मकान के एक कमरे में करंट लगने से हो गई थी। उस वक्त भी चर्चा थी कि उसके पिता अमृतलाल की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी।

### दंपत्ति को खींच ले गई मौत

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र के महुआरी गांव के रहने वाले पिंटू भारतीया पुत्र स्वर्गीय अजय भारतीया पूर्व प्रधान राधेश्याम के नाती थे। जबकि वह दो भाइयों में बड़ा था और बीते 2004/05 में उसके पिता अजय भारतीया की मौत गांव के समीप सड़क दुर्घटना के दौरान हो गई थी। बताया जाता है कि मंगलवार को जब अनिल सिंह ने उसे कोरांव चलने के लिए बुलाया तो वह पहले मना कर दिया था, लेकिन बाद में वह तैयार हो गया। जब वह घर से जाने लगा तो उसकी पत्नी स्वाति भी साथ चलने की बात कही, जिस पर पिंटू ने अपनी पत्नी स्वाति को भी साथ लेकर कोरांव स्थित प्रीतिभोज कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चला गया। देर रात वापस आने के दौरान वाहन अनियंत्रित होकर बबूल के पेड़ से टकरा गई और उक्त वाहन में सवार पिंटू व उसकी पत्नी स्वाति समेत अनिल सिंह काल के गाल में समा गए।

### मृतकों के घर मचा रहा कोहराम

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र के महुआरी गांव में सड़क दुर्घटना में एक साथ तीन मौत होने से गांव में मातम छा गया और जो भी सड़क दुर्घटना की बात को सूना सन्य रह गया। जैसे ही यह खबर मृतक पिंटू भारतीया व अनिल सिंह के परिजनों को मिली घर पर कोहराम मच गया।

### छह माह पूर्व हुई थी पिंटू भारतीया की शादी

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र के महुआरी गांव के रहने वाले पिंटू भारतीया वाहन चलाकर अपने परिजनों का पालन पोषण करता था। बीते छह माह पूर्व जारी की रहने वाली स्वाति के साथ उसका विवाह हुआ था। जैसे ही मनहूस खबर स्वाति के परिजनों को मिली वह सभी दुर्घटना स्थल के साथ ही कोरांव थाने पर पहुंचे और उसके बाद वह उसके वह सीधे पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे जहां स्वाति के शव को देख दहाड़ मार कर रोने बिलखने लगे।

### ठेकेदारी के साथ हॉस्टल भी संचालित करता था अनिल सिंह

**नैनी।** महुआरी गांव निवासी स्वर्गीय अमृतलाल आईटीआई कंपनी से रिटायर कर्मचारी थे और उनके बड़े पुत्र सुनील सिंह की हत्या के बाद वह गांव में स्थित अपनी पुश्तैनी मकान को बेचकर गांव के समीप ही प्रयागराज-मीरजापुर राष्ट्रीय राज मार्ग के के निकट निर्माण कराकर रहते थे। उनकी मौत के बाद उनका छोटा बेटा अनिल कुमार सिंह मकान में ही रहता था और वह दो मंजिले का हॉस्टल बनवाकर संचालित कर रहा था। शादी के बाद वह लखनऊ स्थित अपने ससुराल में ठेकेदारी का भी कार्य वह कर रहा था। लॉकडाउन लगने के बाद वह अपने मूल निवास महुआरी गांव वापस लौट आया था। मृतक अनिल सिंह के पुत्र भी हैं।

# मण्डलीय समीक्षा बैठक में राजस्व वसूली में वृद्धि लाने के दिए निर्देश

**योजनाओं को पारदर्शी ढंग से क्रियान्वित करते हुए पात्रों को लाभान्वित कराये**

### आयुष्मान योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में लाये तेजी

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त आर0 रमेश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को आयुक्त कार्यालय के गांधी सभागार में मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में राजस्व विभाग, लघु सिंचाई, ऊर्जा, लोक निर्माण, कृषि, सहकारिता, पशुधन, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पंचायतीराज, नगर विकास, ग्राम्य विकास, नमामि गंगे, खाद्य्य एवं रसद, मत्स्य, उद्यान, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, बाल विकास पुष्टाहार, दुग्ध विकास, बेसिक शिक्षा, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, श्रम, खाद्य्य सुरक्षा एवं औषधी प्रशासन सहित अन्य विभागों की संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने सभी विभागों के सम्बंधित अधिकारियों को उपलब्ध धन के सापेक्ष निर्माण कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने एवं संचालित योजनाओं को पारदर्शी ढंग से क्रियान्वित करते हुए पात्रों को लाभान्वित कराये जाने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि कार्यों में लापरवाही या उदासीनता कदापि न बरती जाये। उदासीनता या लापरवाही पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।



मण्डलीय समीक्षा बैठक में संचालित योजनाओं की समीक्षा करते मण्डलायुक्त

बैठक में राजस्व विभाग के कर-करेत्तर राजस्व संग्रह की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, विद्युत, खनन, परिवहन के द्वारा अर्जित राजस्व वसूली की जानकारी लेते हुए परिवहन विभाग द्वारा जनपद प्रतापगढ़ में राजस्व संग्रह में कम वसूली पर नाराजगी जताते हुए लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली करने के निर्देश दिये। खनन विभाग की राजस्व समीक्षा में मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि खनन से सम्बंधित शेष पट्टों की नीलामी की प्रक्रिया को जल्द पूरा करें, जिससे राजस्व में वृद्धि हो। इसी प्रकार विद्युत विभाग के द्वारा बिल की वसूली के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कैम्प लगाये जाये व जन सुविधा केन्द्रों पर बिल जमा करने के लिए लोगो को प्रचार-प्रसार के माध्यम से प्रेरित करें।

विद्युत विभाग की समीक्षा में विद्युत विभाग के अभियंता के द्वारा बताया गया कि सरकारी कार्यालयों में बेसिक शिक्षा विभाग एवं ग्राम पंचायत विभाग पर विद्युत बकायें की अधिक धनराशि लम्बित है। इसके अलावा अन्य विभागों पर भी विद्युत देय बकाया है। मण्डलायुक्त ने मण्डल के सभी जिला विकास अधिकारियों एवं विद्युत विभाग के अधिकारी व सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बकाये धनराशि के सम्बंध में बैठक कर मामले का जल्द से जल्द निस्तारण कराने के निर्देश दिये। नई सड़कों के निर्माण/चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण के कार्य में शिथिलता न बरती जाये। अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जाये। साथ ही फतेहपुर में सड़क निर्माण के कार्य धीमी गति से होने पर नाराजगी जताते हुए आवश्यक निर्देश दिये। सेतु निर्माण के कार्यों की समीक्षा करते हुए जमीन अधिग्रहण से सम्बंधित समस्या बताये जाने पर मण्डलायुक्त ने किसानों से बातचीत कर सहमति से इस सम्बंध में आवश्यक कार्रवाई करते हुए जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के लिए निर्देशित किया है। साथ ही कौशाम्बी एवं प्रतापगढ़ में बन रहे सेतु निर्माण की प्रगति धीमे पाये जाने पर कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा करते मण्डलायुक्त ने आधार फीडिंग या अन्य कारणों से जो किसान योजना का लाभ नहीं पा रहे है, ऐसे पात्र किसानों को भी लाभान्वित कराये जाने का निर्देश दिया है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा में मण्डलायुक्त ने मण्डल के उप निदेशक कृषि को जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक किसानों को फसल बीमा हेतु प्रेरित किए जाने के लिए कहा है। साथ ही जिने किसानों को बीमा कम्पनी द्वारा अपात्र घोषित किया गया है, वहां पर स्वंय जाकर मामले की जांच करें। गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं की इयर टैगिंग की प्रगति अच्छी न पाये जाने पर सभी मुख्य पशुचिकित्स ाधिकारियों को कार्य में तेजी लाते हुए इयर टैगिंग के कार्य को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया है।

चिकित्सकों की उपलब्धता के विषय में जानकारी लेते हुए मण्डलायुक्त ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का लगातार निरीक्षण करते रहने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाये जाने वाले लापरवाह चिकित्सकों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए शासन को रिपोर्ट प्रस्तुत करें। आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड बनाये जाने की प्रगति अच्छी न पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य को कार्य का अनुश्रवण करते हुए गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में तेजी लाये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीबों के लिए बहुत ही लाभकारी है। कठिन समय में इस योजना का लाभ उठाकर अच्छे से अच्छा इलाज प्राप्त किया जा सकता है। इस पर विशेष ध्यान देते हुए लक्ष्य बनाकर काम करें। प्रचार-प्रसार के माध्यम से एवं ग्राम प्रधानों के सहयोग से कैम्प लगाकर ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों का गोल्डन कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। टीकाकरण के कार्य को भी लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। पंचायतीराज विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने पंचायत भवनों एवं सामुदायिक शौचालय के निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

### आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में बाल अपचारियों दी गयी विधिक जानकारी व सुनी गयी उनकी समस्याएं

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व विनोद कुमार तृतीय माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार किशोर न्याय बोर्ड खुल्दाबाद में नोडल अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती निशा झा एडीजे की अध्यक्षता में कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए बुधवार को विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया, जिसमें सुश्री अंजलिका प्रियदर्शनी अपर सिविल जज जुनियर डिविजन और चंद्रमणि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बाल अपचारी को विधिक जानकारी से अवगत कराया गया और श्रीमती निशा झा नोडल अधिकारी द्वारा बाल अपचारियों को विधिक जानकारी प्रदान करते हुए उनकी समस्याओं को सुना गया एवं उनके निराकरण के संबंध में आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन आशीष पटेल प्रभारी अधीक्षक राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर प्रयागराज द्वारा की गई। इसी दौरान अल कौसर सोसाइटी की अध्यक्षा सुश्री नाजिया नफीस द्वारा बाल अपचारी बच्चों को उनके अधिकार के प्रति जागरूक कराए जाने पर बल दिया गया और यह भी आश्वस्त कराया कि वह समय-समय पर संप्रेक्षण गृह में आती रहेंगी और अपना योगदान प्रधान करती रहेंगी। इस दौरान संप्रेक्षण गृह में उपलब्ध कर्मचारी और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी नितिन श्रीवास्तव उपस्थित रहे। यह जानकारी चन्द्रमणि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी गई।

# नहाय-खाय से शुरू हुआ डाला छठ महापर्व घाटों पर गुंजायमान हुआ छठ मैया के गीत

**प्रयागराज।** डाला छठ महापर्व की शुरूआत बुधवार को नहाए खाए से शुरू हो गई। व्रती पुरुष महिलाएं, 36 घंटे का व्रत रहेंगी। बुधवार को त्रिवेणी में डुबकी डुबकी लगाई। स्नान, ध्यान के बाद सूर्यदेव को अर्घ्य देकर पूजन किया। दिन में पूजा घर व रसोई की सफाई की। व्रत के लिए सूप, फल व अन्य पूजन सामग्री की खरीदारी की। सूर्यास्त के बाद पुनः स्नान कर-के नया वस्त्र धारण किया। छठी मइया का ध्यान करके व्रत के निर्विघ्न पूर्ण होने की कामना की। फिर गुड़, लौकी अथवा गुड़, चावल की खीर बनाकर उसे ग्रहण किया। घर के सारे सदस्यों ने उसे प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया। डाला छठ व्रत के तहत गुरुवार को खरना मनाया जाएगा। खरना में रात में गन्ने के रस में खीर बनाकर व्रती महिलाएं ग्रहण करेंगी। यहीं से उनका 36 घंटे का निर्जला व्रत आरंभ हो जाएगा।

छठी मइया को नींबू, नारंगी, गन्ना, नारियल, सिंघाड़ा, केला, ठेकुआ अर्पित किया जाता है। सबका खास महत्व है। नींबू व नारंगी का रंग पीला होता है। यह रंग शुभ होता है। जबकि समृद्धि के प्रतीक गन्ना का मंडप बनाकर उसके अंदर बैठकर पूजा होगी। सिंघाड़ा रोगनाशक होता है। केला, सुपाड़ी, पान, अमरूद व नारियल पवित्रता के प्रतीक हैं।

### घाट हुए दुरुस्त, खुला कार्यालय

पूर्वांचल विकास एवं छठ पूजा समिति के सदस्यों ने बुधवार को संगम व गंगा तट के घाटों को दुरुस्त किया। श्रद्धालुओं की मदद के लिए संगम नोज पर कैंप कार्यालय खुलवाया है। समिति के अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि गुरुवार को अखंड रामायण पाठ की शुरूआत होगी। साथ ही सेनेटाइजर व मास्क का वितरण किया जाएगा। सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन किया जाएगा। शास्त्रों के अनुसार 'डाला छठ व्रत प्रकृति से प्रेम, सूर्य और जल की महत्ता के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। भगवान सूर्य प्रत्यक्ष देवता हैं, वे संपूर्ण जगत की अंतरात्मा हैं। का?तक शुक्लपक्ष की षष्ठी तिथि के सूर्यास्त और सप्तमी के सूर्योदय के मध्य वेदमाता गायत्री का जन्म हुआ था। प्रकृति के षष्ठ अंश से उत्पन्न षष्ठी माता बालकों की रक्षा करने वाले भगवान विष्णु द्वारा रची माया हैं। बालक के जन्म के छठें दिन छठी मैया की पूजा-अर्चना की जाती है, जिससे बच्चे के ग्रह-गोचर शांत होते हैं। डाला छठ पर डूबते व उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठी मइया (षष्ठी देवी) का पूजन करने से व्रती व उनके परिजनों को दैहिक, दैविक व भौतिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। बुधवार को संगम घाट पर व्रती महिलाएं छठ मैया के गीत गाती रही जिससे घाटों पर चहल-पहल रहा।

## संक्षेप समाचार

### कवि सम्मेलन मे जुटेगें नामचीन साहित्यकार

**प्रतापगढ़।** क्षेत्र के रानीगंज कैथौला के सोहागपुर मे आगामी चैबीस नवंबर को सतचण्डी महायज्ञ की पूणार्हुति पर कवि सम्मेलन मे देश व प्रदेश के नामचीन साहित्यकारों का जमघट होगा। आयोजक गणेशचंद्र मिश्र एवं साहित्यकार हरि बहादुर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान आध्यात्म तथा साहित्य के क्षेत्र मे योगदान देने के लिए विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

### दवा का अधिक पैसा लेने पर मारपीट

प्रतापगढ़। महेशगंज थाना क्षेत्र के आजाद नगर बाजार में डॉ. रमेश यादव क्लीनिक चलाते हैं। बुधवार को रुमतीपुर की गर्भवती रेहाना बानो इलाज के लिए भाई फरीद खान के साथ गई। डॉक्टर ने उसे कमजोरी बताकर आयरन का इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन और दवा के पैसे के लिए भाई का डॉक्टर से विवाद हो गया। दोनों में मारपीट हो गई। पुलिस पहुंची तो माहौल शांत हुआ। दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है।

## सड़क हादसे में संजय गुप्ता की मौत, चक्का जाम

### सराय अकिल थाना क्षेत्र के बेनी राम कटरा पुलिस चौकी के पास अनियंत्रित डंपर ने दिया हादसे को अंजाम

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के बेनीराम कटरा पुलिस चौकी के पास सड़क हादसे में संजय गुप्ता की मौत के बाद लोगों का आक्रोश उबाल आ गया और देखते देखते कई हजार लोगों ने करारी इलाहाबाद मार्ग पर बेनी राम कटरा चौराहे पर सड़क जाम कर धरना प्रदर्शन नारेबाजी शुरू कर दी हजारों लोग सड़क पर बैठ गए और मृतक परिवार को मुआवजा दिए जाने की मांग कर रहे थे सूचना पा कर कई थाने की फोर्स समेत क्षेत्राधिकारी और उप जिला अधिकारी मौके पर पहुंचे हादसे में मौत के बाद जानकारी मिलने पर चायल विधायक भी घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर सरकारी आर्थिक मदद दिलाए जाने का भरोसा दिला कर चक्का जाम समाप्त कराया है भीड़ हटने के बाद पुलिस ने मृतक की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के बेनी राम कटरा चौराहा के रहनेवाले सौरभ कुमार गुप्ता उर्फ गोलू के चाचा संजय कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू पुत्र छेदीलाल बुधवार की सुबह लगभग 6:00 बजे सड़क पार कर रहे थे इसी बीच करारी की ओर से इलाहाबाद जा रहे बालू लदे तेज रफ्तार डंपर ने संजय कुमार गुप्ता को रौंद दिया जिससे मौके पर संजय कुमार गुप्ता की मौत हो गई हादसे में मौत के बाद चौराहे के लोगों में आक्रोश आ गया और मृतक के भतीजे भाजपा नेता सौरभ कुमार गुप्ता सहित हजारों लोगों ने बेनी राम कटरा चौराहे पर सड़क पर जाम लगा दिया और सड़क पर बैठ गए आक्रोशित लोग भाजपा सरकार और उनके अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे थे और मृतक परिवार को मुआवजा दिलाए जाने की मांग कर रहे थे सड़क जाम की जानकारी मिलते ही उप जिलाधिकारी चायल और क्षेत्राधिकारी चायल कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे मामले की जानकारी चायल विधायक संजय गुप्ता को भी दी गई चक्का जाम की जानकारी मिलने पर विधायक भी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर सरकारी आर्थिक मदद दिलाए जाने का भरोसा दिला कर सड़क जाम को हटवा दिया सड़क जाम हटने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली पुलिस ने मृतक की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।




घअना के बाद सड़क जाम किये ग्रामीण जन तथा भीड़ के साथ विधायक संजय गुप्ता सीओ से बात करते।

## दर्जनों तालाबों का अस्तित्व खतरे में तालाबों को पाट कर प्लाटर बना रहे प्लाट

### कस्बा में जमीनों की कीमत छू रही है आसमान अगर जांच हुई तो खुल जायगी माफियाओं की पोल

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी क्षेत्र में वर्षो से कस्बा में दर्जनों प्राचीन तालाब थे परंतु इधर सरकार के नुमाइंदे लोगो ने ध्यान नही दिया और लोगो ने तालाबो को पाट कर कीमती जमीनों के प्लाट बनाकर प्लाटर बेच कर अपनी अपनी तिजोरी भरने लगे हैं।

लोगो ने जिलाधिकारी से मांग की है कि नगर पालिका परिषद भरवारी में सभी तालाबो की गहराही से जांच कराई जाए नगर वासियों का कहना है कि भरवारी नगर पालिका क्षेत्र में तालाबों को कब्जा कर प्लाट बनाकर बेचने के इस खेल की जिला प्रशासन ने जांच कराई तो तो बहुत से प्लाटर सलाखो के पीछे होंगे यहा यह भी बताना जरूरी है कि आज से कुछ वर्ष पूर्व तक दर्जनों तालाबो में पशु पक्षियों व जानवरो के लिए पानी पीने की व्यवस्था तथा धोबियो के लिये कपड़े धोने के लिए तालाब की व्यवस्था की गई थी जिसको आज भूमाफिया व प्लाटर लोगो की गिद्ध की निगाह तालाबो पर पड़ते ही तालाबो को पाट कर बेशुमार कीमती प्लाट बनाकर खरीद दार के हाथ बेचा जा रहा है जिससे लोगो मे जबरदस्त आक्रोश है। वहीं लोगो ने जिलाधिकारी अमित सिंह से मांग की है कि जो तालाबो का अस्तित्व खतरे में है उसकी जांच कराई जाय जिससे पशु पक्षियों व लोगो के लिए वह सहायक हो सके।



हादसे के बाद मौके पर जमा लोग

## दो कंटेनर भिड़े,एक ड्राइवर घायल

**अझुवा कौशाम्बी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिक्स लेन का कार्य प्रगति पर है जिम्मेदार कार्यदायी संस्था की उदासीनता से कहीं न कहीं दुर्घटना होती रही है आज सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसराय मोड़ पर एक कंटेनर से दूसरे वाहन में भिड़ंत हो गयी जिसमे ड्राइवर परसा राम पुत्र प्रेमाराम उम्र तकरीबन 28 वर्ष घायल हो गया दुर्घटना में घायल ड्राइवर रामनगर जोधपुर राजस्थान से प्रयागराज जा रहा था सैनी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर गाड़ियों को साइड लगवाते हुए घायल को एम्बुलेंस से अस्पताल भिजवाया।

## प्राथमिक विद्यालय महेन्द्र में फिर हुई चोरी

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के महेन्द्र गांव के प्राथमिक विद्यालय में गत रात्रि को चोरों ने चार कमरों की कुण्डी को काटकर समर्सिबल का स्टार्टर , 2 पंखे , गैस चूल्हा , 4 तौलिया और एमडीएम का बर्तन सहित बहुत से आवश्यक दस्तावेजों को फाड़ते हुए हजारों का सामान पार कर दिया है कई कमरों की तारों को काटकर पूरी तरह से तहस नहस कर दिया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अहमद ने शिकायती पत्र थाना करारी में दिया है इस विद्यालय में यह चोरी की घटना तीसरी बार हुई है इसके पहले भी दो बार चोरों के द्वारा चोरी करके कई महंगे सामानों को पार कर दिया गया है जिसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है महेंद्र गांव के प्राथमिक विद्यालय में बार-बार हो रही चोरी की घटना किसी साजिश की ओर इशारा कर रही है और पुलिस ने साजिश की ओर गहन जांच की तो किसी अपने के हाथ होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

## गंभीर हमला कर अधेड़ की हुई हत्या

### रंगीन मिजाज अधेड़ की अय्याशी के चलते हत्या किए जाने के आशंका

### हत्या की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी सहित मौके पर पहुंची भारी फौर्स

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के कल्याणपुर ग्राम सभा के मजरा शिवपुर के एक अधेड़ की बीती रात बड़ी बेरहमी से हत्या कर दी गई है हत्या की जानकारी सुबह ग्रामीणों को हुई है तो मामले की सूचना पुलिस को दी गई है अधेड़ की हत्या की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी सिराथू सहित कोखराज थानेदार भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे हैं और आधेड की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अधेड़ की हत्या के पीछे जो कहानी उभर कर आ रही है उसके मुताबिक वह रंगीन मिजाज दिमाग का अय्यास व्यक्ति था और अय्यासी के चलते अधेड़ को मौत के घाट उतारे जाने की बात परिजन भी कर रहे हैं पुलिस ने अधेड़ की हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना क्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यान पुर शिव पुर ग्राम निवासी राम बाबू के भट्टे के बगल में भईया लाल उम्र 60 वर्ष पुत्र स्वा रामपत सरोज खेत बटाई पर खेत लेकर खेतो की रखवाली करता था बीती रात किसी ने वजनी हथौड़े से वार करते हुए धार दार हथियार से प्रहार कर भैयालाल की हत्या कर दी सुबह ग्रामीण जब खेतों की ओर जा रहे थे तो देखा भैया लाल की खून से लथपथ लाश चारपाई पर पड़ी है मामले की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी भैया लाल की हत्या की खबर उनके परिजनों को मिली तो रोते बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए अधेड़ की हत्या की जानकारी मिलते ही मौके पर एसपी श्री अभिनन्दन व सीओ सिराथू रामवीर सिंह एसओ कोखराज व भारी पुलिस मौके पर पहुंच गयी और अधेड़ की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हत्या के पीछे जो कहानी उभर कर आई है उसके मुताबिक मृतक अधेड़ की पत्नी उसे छोड़कर कहीं चली गई थी जिससे वह एकाकी जीवन जी रहा था और इसी चलते उसके कई महिलाओं से शारीरिक संबंध हो गए थे आशंका जताई जा रही है कि अधेड़ की अय्याशी के चलते उसकी हत्या की गई है परिजनों ने कुछ लोगों के नाम हत्या का नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस कप्तान वा जुटी भीड़

## किसान को गोली मारने में दो से पूछताछ

**प्रतापगढ़।** साथी संग बात कर रहे किसान को गोली मारने के मामले में पुलिस दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना के समय किसान जिस युवक से बात कर रहा था, पुलिस उससे भी पूछताछ कर रही थी। रिपोर्ट दर्ज करने के लिए पुलिस तहरीर का इंतजार कर रही है। घायल किसान का इलाज प्रयागराज के एक अस्पताल में चल रहा है। परिवार के लोग दहशत में हैं।महेशगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मीगंज बाजार निवासी गयादीन का पुत्र शिव कुमार गुप्ता (28) किसान है। मंगलवार देर शाम पड़ोसी गल्ला व्यापारी मनोज केसरवानी से बात करने के दौरान बाइक सवार बदमाशों ने उसे गोली मार दी थी। अब उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है। घटना के बाद एएसपी पश्चिमी दिनेश चन्द्र द्विवेदी, सीओ सदर तनु उपाध्याय, कुंडा थाना प्रभारी डीपी सिंह, महेशगंज एसओ अमरनाथ राय फोर्स के साथ नाकेबंदी कर आरोपितों की तलाश करते रहे, लेकिन उनका सुराग नहीं मिला।पुलिस दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। शिव कुमार से बात कर रहे मनोज केसरवानी से भी पूछताछ की जा रही है। एसओ का कहना है परिजनों के अस्पताल में होने से अभी तहरीर नहीं मिली है। इससे रिपोर्ट दर्ज नहीं की जा सकी है। संदिग्धों से पूछताछ कर आरोपितों की तलाश की जा रही है।मनोज ने अपनी हत्या का प्रयास बताया रू शिव कुमार गुप्ता से बात कर रहे मनोज केसरवानी से पुलिस ने आरोपितों का हुलिया और घटना का कारण पूछा तो उसने बताया कि बदमाश उसकी हत्या करने आए थे। उसे ही लक्ष्य करके गोली चलाई, लेकिन वह घूम गया जिससे निशाना चूक जाने से गोली शिव कुमार को लग गई। मनोज ने अपने भाइयों पर ही घरेलू विवाद में हत्या करवाने के प्रयास का आरोप लगाया। मनोज के बयान के आधार पर पुलिस उसके भाई को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। लेकिन गोली मारने वाले बदमाशों के बारे में सटीक जानकारी नहीं मिली है।व्यापारियों ने दिया पुलिस को ज्ञापन रू गल्ला व्यापारी मनोज केसरवानी को हिरासत में लिए जाने से नाराज व्यापारियों ने व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद यादव की अगुवाई में बुधवार को पुलिस को ज्ञापन दिया। मामले की निष्पक्ष जांच करने व निर्दोष व्यापारी पर कार्रवाई नहीं करने की मांग की है। एसओ अमरनाथ राय ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि किसी निर्दोष के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी। इस मौके पर सचिन केसरवानी, विजय पाल, शिव कुमार, प्रभात सिंह, माताफेर केसरवानी, राम सुमेर पाल, डब्बू, कौशल, संदीप यादव, राम कुमार केसरवानी, निखिल, राम बाबू आदि मौजूद रहे।

## नगर कोतवाल बदले, कई थानाध्यक्ष भी इधर से उधर

**प्रतापगढ़।** एसपी अनुराग आर्य ने मंगलवार रात चार थानाध्यक्षों और चार इंस्पेक्टरों का कार्यक्षेत्र बदल दिया। इसके तहत उदयपुर थानाध्यक्ष विपिन सिंह को नगर कोतवाली की कमान सौंपी गई है। वह नगर कोतवाल बनाए गए हैं। नगर कोतवाल रहे प्रवीण कुशवाहा को अंतू थानाध्यक्ष बनाया गया है। अंतू थानाध्यक्ष रहे रतनलाल कनौजिया को कोहड़ौर थानाध्यक्ष बनाया गया है। कोहड़ौर थानाध्यक्ष रहे राकेश कुमार के घर में शादी है, इसलिए वह लंबी छुट्टी पर चले गए हैं। इंस्पेक्टर रवींन्द्र यादव को पुलिस लाइन से एसपी का पेशकार बनाया गया है। प्रभारी कोरोना सेल अनिल कुमार राय को डीसीआरबी का भी प्रभारी बना दिया गया है। भूपेंद्र यादव को मीडिया सेल के साथ यूपी 112 का भी प्रभारी बनाया गया है। राजेश कुमार सिंह को कंधई थाने से आईजी आरएस जनसुनवाई प्रभारी बनाया गया है।

## भागवत वेदरूपी कल्पवृक्ष का पका हुआ फल : आचार्य पं. उमापति मिश्र

### भदौरियन के पुरवा ऊछापुर में बह रही है श्रीमद् भागवत कथा की रसधार

**प्रतापगढ़।** सोमवार से ही भदौरियन के पुरवा ऊछापुर में इन दिनों भक्ति रसधार बह रही है।श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन सुचारु और सफलता पूर्वक चल रहा है स यह आयोजन दोपहर दो बजे से लेकर शाम छरू बजे तक चलता है जिसमें देर शाम तक श्रद्धालु कथा का श्रवण करते हैं स राहाटीकर के भदौरियन के पुरवा ऊछापुर में सोलह नवम्बर से बाइस नवम्बर तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक राम जानकी मंदिर घुइसरनाथ धाम से पधारे आचार्य पं. उमापति मिश्र हैं सपहले दिन भव्य कलशयात्रा के साथ कथा प्रारंभ हुई। जो गांव का भ्रमण कर आयोजन स्थल पहुंची,जहां पंडितों ने विधि- विधान से कलश स्थापना कराई। सोमवार को परीक्षित मोक्ष की कथा के बाद भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई,जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु व ग्रामवासी शामिल हुए।सोलह नवम्बर को भागवत महात्म्य की कथा सुनाई गई। कथावाचक राम जानकी मंदिर घुइसरनाथ धाम के आचार्य पं. उमापति मिश्र के श्रीमुख से कथा सुनकर उपस्थित श्रोता भाव विभोर होते रहे।कथा के दौरान सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालु झूमते रहे। गांववासियों ने नाचते-गाते उत्सव मनाया। भंडारे का आयोजन भी चैबीस नवम्बर दिन मंगलवार को होना सुनिश्चित हुआ है स शाम तीन बजे से लेकर भंडारे का आयोजन आपकी उपस्थिति तक रहेगी स कथा में सहायक गणों में आचार्य मयंक शुक्ल,आचार्य पंकज कुमार मिश्र,आचार्य परमेंद्र कुमार शुक्ल, आचार्य अंजनी ररहे स कथा श्रवण के दौरान अभिषेक मिश्र, शिवम पाण्डेय, उपेंद्र मिश्र,अंबुज मिश्र, कुलदीप मिश्र एवं गाँव सहित दूर दराज से आए समस्त श्रोता व भक्त गण मौजूद रहे।



श्रीमद्भागवत कथा कहते पं उमापति मिश्र

## सुजाखर टीम को विजेता तथा लालगंज को मिला उपविजेता का खिताब

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के कुंभापुर गांव मे हुये बाबा घुइसरनाथ क्रिकेट टूनार्मेण्ट मे दादा स्पोटिंग क्लब सुजाखर को विजेता तथा लालगंज स्पोटिंग क्लब को उपविजेता का खिताब मिला। प्रतियोगिता मे लालगंज के अनूप तिवारी मैन ऑफ द मैच तथा अनूप शुक्ला को मैन आफ द मैच का पारितोषिक प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान आशुतोष मिश्र ने विजयी खिलाड़ियो को प्रशस्ति पत्र व पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष अजीत यादव ने प्रतियोगिता के ध्येय पर प्रकाश डाला। आयोजन मे रमेश यादव, विकास यादव, छोटू, पप्पू मौर्य, शिवमंगल यादव, राजेश, सुभाष, विनोद, मानसिंह, अंकित आदि का सराहनीय योगदान दिखा।

## यातायात माह में प्रशिक्षण देते हुए निकाली गई रैली

**कौशाम्बी।** यातायात प्रभारी रविन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में यातायात माह के 18 वें दिन रैली निकालकर लोगों को दुर्घटनाओं से बचने के लिए प्रशिक्षण दिया गया सर्वप्रथम जनक दुलारी महाविद्यालय से 50 कैडेटों के साथ सीनियर कमांडर नरेंद्र कुमार सीनियर का डेट नीतीश त्रिपाठी एवं विभाग अध्यक्ष श्री दिलीप अग्रहरी के साथ ओसा चौराहा तक निकाली गई इस रैली का उद्देश्य आम जन मानस को सड़क पर चलते समय अनुशासन बनाये रखने तथा नियमो का पालन करने का संदेश देना है। ऐसी ही गोष्ठी दुर्गा देवी इंटर कालेज ओसा,भरवारी के नेशनल इंटर कालेज,हुबलाल इंटर कालेज में छात्र और छात्राओं एनसीसी कैडेट के बीच आयोजित कर यातायात के नियमों व संकेतों को जानकारी व प्रशिक्षण दिया गया।



यातायात माह मे प्रशिक्षण प्राप्त करते विद्यार्थी

## जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी महिला प्रकोष्ठ की मासिक बैठक आयोजित

**प्रतापगढ।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के महिला प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष वंदना उपाध्याय जी जिला मुख्यालय प्रताप सदन में अपने सभी पदाधिकारियों द्वारा मासिक बैठक कर सभी पदाधिकारियों को आदेशित किया गया कि संगठन के नियमों का पालन करें पार्टी के नियमों का उल्लंघन ना करें जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना उपाध्याय जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिस का संचालन श्रीमती राधा जी ने किया बैठक में पदाधिकारियों द्वारा बनाए गए सदस्यों की सूची पर चर्चा की गई। और कहां गया की जिलाध्यक्ष बंदना उपाध्याय द्वारा पार्टी के क्रियान्वित कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आपसी मतभेद को भूलकर अपने क्षेत्रीय स्तर पर संगठन को मजबूत करने का काम करें एवं पार्टी की कल्याणकारी योजनाओं का प्रसार प्रचार करें। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सुभद्रा सिंह जी, ने पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर महिलाओं से अधिक से अधिक सहभागिता प्रदान करने की अपील की बैठक में मुख्य रूप से जिला सचिव शिखा पांडे ,जिला उप सचिव राधा सिंह, अनीता, नीतू सिंह, वासिनी विश्वकर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य शोभा देवी, राधा सरोज, इंद्र कली, पियारा ,आदि भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रहे।




महिला प्रकोष्ठ की बैठक में शामिल सदस्य।